कार्यालय : सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल)

पत्रांकः उ0वि0शि0प0/वि0प0/ए0आ0आ0वि0प्र0प02025/ 91-97 /2025-26 दिनांक 26 अप्रैल 2025

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कालसी/मेहरवाना/बाजपुर/खटीमा प्रवेश परीक्षा (कक्षा-06) 2025

विज्ञप्ति

इस कार्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति उ0वि0शि0प0/वि0प0/ए0आ0आ0वि0प्र0प02025/58-65/2024-25 दिनांक 24 जनवरी, 2025 के क्रम में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कालसी/मेहरवाना/बाजपुर/खटीमा प्रवेश परीक्षा 2025 (कक्षा 06 में प्रवेश के लिए) हेतु आवेदन करने वाले समस्त छात्र/छात्राओं को अवगत कराना है कि उनके प्रवेश पत्र डाक के माध्यम से उनके आवेदन पत्र में अंकित पते पर प्रेषित किये जा चुके हैं एवं परिषद् की वेबसाइट www.ubse.uk.gov.in में DEPARTMENTAL EXAM के कॉर्नर वाले आइकॉन पर अपलोड किये जा चुके हैं। प्रवेश परीक्षा दिनांक 30 अप्रैल 2025 (बुधवार) को प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक सम्पन्न करायी जानी प्रस्तावित है। **यथासम्भव परीक्षार्थियों द्वारा चयनित प्रथम परीक्षा केन्द्र आवंटित किया गया है। परीक्षा शहर कालसी एवं खटीमा में परीक्षार्थियों की संख्या अधिक होने के दृष्टिगत परीक्षार्थियों द्वारा चयनित प्रथम, द्वितीय अथवा तृतीय परीक्षा केन्द्रों में से एक परीक्षा केन्द्र आवंटित किया गया है।** जिन छात्र/छात्राओं के प्रवेश पत्र ससमय प्राप्त नहीं होते हैं वे परिषद् की वेबसाइट www.ubse.uk.gov.in में DEPARTMENTAL EXAM के कॉर्नर वाले आइकॉन पर अपलोड नामावली में उन्हें आवंटित परीक्षा केन्द्र, से सम्बन्धित परीक्षा केन्द्र के **प्रवेश पत्र सम्बन्धी PDF** से डाउनलोड कर सकते हैं अथवा **आवंटित परीक्षा केन्द्र से दिनांक 29 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 प्रातः 09:00 बजे तक** अपना प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं। इस हेतु अपने साथ **अपना एक पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ** भी साथ ले जायें। आवेदकों को आवंटित परीक्षा केन्द्रों की सूची एवं केन्द्रवार प्रवेश पत्र की PDF परिषद् की वेबसाइट **www.ubse.uk.gov.in में DEPARTMENTAL EXAM** के कॉर्नर वाले आइकॉन पर उपलब्ध है।

26/4/2025

सचिव

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्

रामनगर (नैनीताल)।

पृ0स0 : उ0वि0शि0प0/वि0प0/ए0आ0आ0वि0प्र0प0 2025/ 91-97 /2025-26 दिनांक उक्तवत।

प्रतिलिपिः निम्न की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु-

1. निदेशक मा0शि0 उत्तराखण्ड देहरादून/सभापति उ0वि0शि0प0 रामनगर (नैनीताल)।
2. निदेशक जनजाति कल्याण उत्तराखण्ड देहरादून।
3. मुख्य शिक्षा अधिकारी समस्त जनपद उत्तराखण्ड।
4. राज्य समन्वयक ई0एम0आर0एस0 सेल उत्तराखण्ड देहरादून।
5. प्राचार्य ए0आ0आ0वि0 कालसी/मेहरवाना/बाजपुर/खटीमा।
6. सम्पादक, अमर उजाला, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, उत्तर उजाला एवं राष्ट्रीय सहारा को इस अनुरोध के साथ कि उक्त विज्ञप्ति को 10X10 से0मी0 के साइज में शासकीय दरों पर अपने समाचार पत्रों के ऐसे पृष्ठ पर प्रकाशित करने का कष्ट करें जिसका प्रचार-प्रसार सम्पूर्ण उत्तराखण्ड में हो। बिल भुगतान हेतु समाचार पत्र की प्रति के साथ दो प्रतियों में जिला सूचना अधिकारी से सत्यापित कराने के बाद इस कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे।

26/4/2025

सचिव

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्

रामनगर (नैनीताल)।